केनरा बैंक द्वारा अखिल भारतीय राजभाषा संगोष्ठी का आयोजन

केनरा बैंक, राजभाषा अनुभाग, मानव संसाधन विभाग, प्रधान कार्यालय बेंगलूरु द्वारा क्षेत्रीय कर्मचारी प्रशिक्षण महाविद्यालय, गुरुग्राम के प्रेक्षागृह में अखिल भारतीय राजभाषा संगोष्ठी का आयोजन **"हिन्दी के माध्यम से कंप्यूटरीकरण और डिजिटलीकरण – चुनौतियां और समाधान"** नामक विषय पर किया गया । इस कार्यक्रम में सार्वजनिक क्षेत्रों के सभी बैंकों, उपक्रमों, वित्तीय संस्थाओं तथा विभिन्न आईटी कंपनियों के कर्मचारियों/अधिकारियों ने भाग लिया । इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ.मनोरंजन शर्मा, महा प्रबन्धक एवं मुख्य शिक्षण अधिकारी,कर्मचारी प्रशिक्षण महाविद्यालय,बेंगलूरु, ने की। श्री प्रमोद कुमार शर्मा, उप निदेशक, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय, नई दिल्ली तथा श्री एच एम बसवराज, सहायक महा प्रबंधक, मानव संसाधन विभाग, प्रधान कार्यालय, केनरा बैंक उपस्थित थे ।

इस संगोष्ठी का शुभारंभ श्रीमती आभा शर्मा, वरिष्ठ प्रबन्धक एवं संकाय द्वारा ईश वंदना तथा मंचासीन अधिकारीगण द्वारा केनरा बैंक के संस्थापक श्री अम्मेम्बाल सुब्बाराव पै के छायाचित्र को दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पार्पण कर किया गया । कार्यक्रम के आरंभ में श्रीमती वी श्रीलक्ष्मी, वरिष्ठ प्रबंधक, राजभाषा अनुभाग, प्रधान कार्यालय, बेंगलूरु ने सभी प्रतिभागियों का और अतिथियों का स्वागत किया। श्री एच एम बसवराज, सहायक महा प्रबंधक, मानव संसाधन विभाग, प्रधान कार्यालय, बेंगलूरु ने संगोष्ठी की प्रस्तावना का प्रस्तुतीकरण किया । तदुपरांत मुख्य अतिथि श्री प्रमोद कुमार शर्मा, उप निदेशक, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय, नई दिल्ली ने अपने संबोधन में बताया कि हिन्दी भाषा के माध्यम से तकनीकी का उपयोग और भी सरल हो गया है । जिसका हमें अधिक से अधिक सदुपयोग करना है । तदनंतर कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ.मनोरंजन शर्मा, महा प्रबन्धक एवं मुख्य शिक्षण अधिकारी ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हिन्दी के माध्यम को हमें तकनीकी के इस युग में अधिक से अधिक अपनाकर इसको बढ़ावा देना चाहिए । इसके बाद सार्वजनिक क्षेत्रों के बैंकों, उपक्रमों, वित्तीय संस्थाओं तथा विभिन्न आईटी कंपनियों के कर्मचारियों / अधिकारियों ने उक्त विषय पर अपने विचार एवं अनुभव प्रस्तुत किए ।

तत्पश्चात् श्रीकृष्ण कुमार मौर्या, वरिष्ठ परियोजना अभियंता–सीडेक एवं श्री भरत गुप्ता, वैज्ञानिक, सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा हिन्दी के माध्यम से कंप्यूटरीकरण और डिजिटलीकरण पर विशेष प्रस्तुतिकरण दिया गया । इसके बाद श्री शैलेश कुमार सिंह,संयुक्त निदेशक,वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय भारत सरकार द्वारा राजभाषा कार्यान्वयन को बढ़ावा देने के लिए सभी का मार्गदर्शन किया । केनरा बैंक द्वारा संगोष्ठी का आयोजन किए जाने पर उन्होंने हर्ष व्यक्त किया। श्री शांतनु कुमार मजूमदार,महा प्रबंधक,अंचल कार्यालय दिल्ली ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। अंत में कार्यक्रम के अध्यक्ष महोदय ने संगोष्ठी का समेकन कर सभी को प्रमाण पत्र वितरण किए । श्री मयंक पाठक, प्रबन्धक राजभाषा अनुभाग, प्रधान कार्यालय द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

केनरा बैंक Canara Bank

श्री शैलेष कुमार सिंह, वित्तीय सेवाएं विभाग, भारत सरकार प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए